एक नजर

### मोडगेज सम्पति की जानकारी देने के संबंध में रेरा हुआ सख्त

भोपाल ,(निप्र)। रेरा प्राधिकरण में पंजीकृत परियोजनाओं के बिल्डरों को पत्र भेजकर मोडगेज तथा कम्पनी की सम्पति की जानकारी 15 दिवस के अंदर उपलब्ध कराने को कहा है। ऐसा न करने पर परियोजना को निलंबित करने के साथ ही निरस्त भी किया जाएगा। प्राधिकरण के आदेशानुसार प्रोजेक्ट के लिये संबंधित नगर पालिका परिसर, नगर पालिक निगम एवं संबंधित ग्राम पंचायत आदि में नियमों के अनुरूप प्लैट, बंगला तथा प्लॉट मोडगेज की गई सम्पति की प्रमाणित प्रति रेरा के नोटिस प्राप्ति के 15 दिवस के अंदर उपलब्ध कराने को भी कहा गया है। रेरा प्राधिकरण ने सम्प्रवर्तक द्वारा उपयोग में लिया जा रहा कपंनी कार्यालय यदि स्वामित्व का है तो उस सम्पति के कागजात एवं सम्प्रवर्तक के व्यक्तिगत सम्पति के अन्य दस्तावेज भी रेरा को नोटिस प्राप्ति के 15 दिवस के अंदर उपलब्ध कराना होगा। प्राधिकरण के आदेशानुसार चाहे गये पंजीकृत परियोजना सम्पति के दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराने की स्थिति में सम्प्रवर्तक किसी प्रकार की व्यवसायिक गतिविधियां नहीं कर सकेंगे। रेरा द्वारा इसके बाद संबंधित बिल्डर को पुनरू नोटिस जारी किया जाएगा। प्राधिकरण द्वारा जारी किये गये नोटिस का उत्तर 15 दिवस के अंदर प्राप्त नहीं होने की स्थिति में सख्त कार्यवाही की जावेगी।

### गांधी संकल्प यात्रा से साध्वी प्रज्ञा को परहेज

भोपाल, (निप्र)। महात्मा गांधी की 150वीं जयंती पर बीजेपी सांसद अपने-अपने क्षेत्र में गांधी संकल्प यात्रा निकाल रहे हैं और गांधी के विचारों को लेकर जनता के बीच जा रहे हैं। इसमें स्वच्छता साफ-सफाई और गांधी के विचारों पर चलने को लेकर लोगों को जागरूक कर रहे हैं, तो वहीं भोपाल सांसद साध्वी प्रज्ञा ठाकुर गांधी संकल्प यात्रा से नदारद नजर आ रही हैं। 2 अक्टूबर से शुरू हुई इस यात्रा में अभी तक एक भी बार भोपाल सांसद साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर शामिल नहीं हुई है। उनकी अनुपस्थिति को लेकर बीजेपी नेता हमेशा सफाई देते नजर आते हैं। लेकिन असल वजह कुछ और ही है।

### धूल और गड्ढों से त्रस्त हुई राजधानी

भोपाल, (निप्र)। पहले ही राजधानी की सड़कों पर गड्ढों के कारण चलना मुश्किल था। अब इन जर्जर सड़कों से उड़ रही धूल के कारण अस्थमा और एलर्जी के मरीज दोगुना हो गए हैं। यानी सड़कें अब दोहरा दर्द दे रही हैं। बारिश थमने के एक सप्ताह बाद हवा की हकीकत। शहरभर में हवा में मौजूद धूल के बारीक कणों का औसत स्तर 113.8 माइक्रोग्राम प्रति-घनमीटर जा पहुंचा है। जबकि यह 50 माइक्रो ग्राम घन मी से कम होना चाहिए। वहीं पीएम-2.5 का स्तर 55.9 माइक्रो ग्राम घन मी. पहुंच गया है। जबकि यह 30 माइक्रो ग्राम घन मीटर से कम होना चाहिए। यह प्रदेश में सर्वाधिक है, और औद्योगिक क्षेत्र मंडीदीप और सिंगरौली से अधिक है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक भोपाल का औसत एम्बिएंट एयर क्वालिटी इंडेक्स 106.1 जा पहुंचा है। जबकि श्वसन योग्य अच्छी हवा 50 एक्यूआई तक की मानी जाती है। 51 से 100 एक्यूआई तक की हवा को श्वसन के लिए संतोषजनक माना जाता है। प्रदूषण बोर्ड के वैज्ञानिक अविनाश करेरा के मुताबिक यदि जल्द सड़कों की ठीक से मरम्मत नहीं हुई तो अगले एक सप्ताह में पीएम-10 और पीएम-2.5 का स्तर मौजूदा स्थिति से दोगुना हो सकता है। चिकित्सकों की माने तो पल्मोनरी मेडिसिन विभाग में अस्थमा मरीजों की ओपीडी बढ़कर दोगुना हो गई है। एक सप्ताह पहले तक प्रतिदिन 30 से 35 मरीज आते थे, लेकिन अब 55 से 60 मरीज प्रतिदिन आ रहे हैं। इनमें से दो से तीन मरीजों को तो भर्ती करना पड़ता है। इसकी वजह धूल, धुआं और सिंथेटिक रंग (पेंट) की स्मेल से एलर्जी होना है।

### संसाधन होने पर ही मिलेगा कॉलेजों को यूजीसी से अनुदान

भोपाल ,(निप्र)। कॉलेजों और अन्य शिक्षण संस्थानों को यूजीसी तभी अनुदान देगा जबकि उनके पास अपने पर्याप्त संसाधन होंगे। यूजीसी ने कॉलेजों एवं शिक्षण संस्थानों को मान्यता और अनुदान नियम के संशोधित ड्राफ्ट नियम तैयार किए हैं। इनको लेकर यूजीसी ने शिक्षण संस्थानों से पंद्रह दिनों के भीतर आपत्तियां व सुझाव मांगे हैं। इसके बाद यूजीसी इसका फाइनल नोटिफिकेशन जारी करेगा। शिक्षण संस्थानों को ज्यादा जवाबदेह बनाने के लिए यूजीसी ने नए नियम तैयार किए हैं।

# गांधी के विचार, आदर्श व नीतियां आज के संदर्भ में अधिक उपयोगी-कमलनाथ

## एकता परिषद के संस्थापक गांधीवादी नेता राजगोपाल पी. वी. के नेतृत्व में मप्र में 90 दिवसीय पदयात्रा

भोपाल, (निप्र)। मुख्यमंत्री और कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने कहा है कि महात्मा गांधी के विचारों, आदर्शों एवं नीतियों के पालन से ही हमारा राष्ट्र एक सूत्र में बंधकर विकास कर सकता है। महात्मा गांधीजी के सर्वधर्म-समभाव, सद्भावना, एकता, अहिंसा एवं स्वराज की उनकी अवधारणा आज के संदर्भ में अधिक उपयोगी है। कमलनाथ ने यह विचार एकता परिषद के संस्थापक गांधीवादी नेता राजगोपाल पी.वी. के नेतृत्व में प्रदेश में गांधीवादी संस्थाओं के पदाधिकारियों द्वारा निकाली जा रही पद यात्रा के संदर्भ में कही। प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष संगठन प्रभारी चन्द्रप्रभाष शेखर ने बताया कि यह 365 दिन की भारत सहित 10 देशों की पद यात्रा आगामी 2 अक्टूबर से राजघाट से प्रारंभ हो चुकी है। भारत में वे राजघाट से सेवाग्राम जिला वर्धा तक की पदयात्रा कर रहे है। भारत में कुल 121 दिन की पदयात्रा में वे 90 दिनों तक म.प्र. में पदयात्रा करेंगे। म.प्र. में वे जौरा जिला मुरैना से 11 अक्टूबर को पद यात्रा शुरू हो चुकी है तथा 11 जनवरी 2020 को बालाघाट जिले के रजेगांव से महाराष्ट्र में प्रवेश करेंगे। म.प्र. में पदयात्रा के मार्ग में श्योपुर, मुरैना, ग्वालियर, शिवपुरी, सागर, अशोकनगर, गुना, विदिशा, सीहोर, रायसेन, भोपाल, हरदा, होशंगाबाद, नरसिंहपुर, बैतूल, छिंदवाड़ा, सिवनी व बालाघाट जिले शामिल है। कमलनाथ के निदेर्शानुसार प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष संगठन प्रभारी चन्द्रप्रभाष शेखर ने उपरोक्त जिलों के जिला कांग्रेस अध्यक्षों को एकता परिषद की इस यात्रा में उस जिले के अधिक से अधिक कांग्रेस कार्यकताओं को शामिल करने का अनुरोध किया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ के निदेर्शानुसार उपरोक्त जिले के जिला प्रभारी मंत्रियों से कहा है कि इस पद यात्रा की व्यवस्था में उचित सहयोग दें। पद यात्रा को सफल एवं प्रभावी बनाने के लिए प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह ठाकुर को प्रभारी समन्वयक मनोनीत किया गया है।

# राज्य पुलिस सेवा के अधिकारी भी लेंगे विदेश में प्रशिक्षण

## प्रशासन अकादमी में महानिदेशक बैंस के मुख्य आतिथ्य में हुआ प्रथम मिड-कैरियर ट्रेनिंग प्रोग्राम का उद्घाटन



भोपाल। बारह वर्ष का सेवाकाल पूर्ण कर चुके राज्य पुलिस सेवा के अधिकारियों का प्रथम मिड-कैरियर ट्रेनिंग प्रोग्राम सोमवार को यहां आरसीव्हीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी में शुरू हुआ। प्रशासन अकादमी के महानिदेशक इकबाल सिंह बैस के मुख्य आतिथ्य में प्रशिक्षण का शुभारंभ हुआ। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए श्री बैस ने कहा सुनने एवं सीखने की प्रवृत्ति प्रशिक्षण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। अगर हमें अपनी दक्षता बढ़ानी है तो यह विचार मन से निकालना होगा कि मुझे सब पता है। उद्घाटन सत्र में प्रमुख सचिव गृह एस.एन.मिश्रा बतौर विशिष्ट अतिथि मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विशेष पुलिस महानिदेशक प्रशिक्षण संजय राणा ने की। इस अवसर पर मध्यप्रदेश पुलिस अकादमी भौंरी के निदेशक के.टी.वाईफे व अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक चयन भर्ती संजीव शमी मंचासीन थे।

इस प्रशिक्षण में भाग ले रहे राज्य पुलिस सेवा के अधिकारी देश के प्रतिष्ठित प्रशिक्षण संस्थानों के साथ-साथ ब्रिटेन की शेफील्ड हेलम यूनिवर्सिटी में आधुनिक पुलिसिंग की बारीकियाँ सीखेंगे। साथ ही ब्रिटिश पुलिस संस्थानों का भ्रमण भी करेंगे। राज्य पुलिस सेवा के अधिकारियों का यह पहला ऐसा मिड-कैरियर प्रशिक्षण कार्यक्रम है। जिसमें उन्हें पुलिस से संबंधित महत्वपूर्ण राष्ट्रीय परिदृश्य से परिचित कराने के साथ-साथ विदेश में भी प्रशिक्षण दिलाया जा रहा है। प्रशिक्षण के प्रथम चरण में बारह वर्ष का सेवाकाल पूर्ण कर चुके राज्य पुलिस सेवा के लगभग 30 पुलिस अधिकारी इसमें हिस्सा ले रहे हैं। उद्घाटन सत्र में प्रमुख सचिव गृह एस.एन.मिश्रा ने कहा खुशी की बात है पहली बार राज्य पुलिस सेवा के अधिकारियों को भी विदेश में प्रशिक्षण के लिए भेजा जा रहा है। इससे पुलिस बल के कौशल उन्नयन में इजाफा होगा। उन्होंने प्रशिक्षु अधिकारियों से कहा कि आपस में अपने-अपने अनुभव भी साझा करें। साथ ही प्रशिक्षण के दौरान सीखीं गई आधुनिक पुलिसिंग की बारीकियाँ दूसरे पुलिस अधिकारियों को भी बताएँ। वरिष्ठता आपके काम में झलकना चाहिए। उन्होंने कहा इस प्रशिक्षण से पुलिसिंग को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय परिपेक्ष्य में समझने में मदद मिलेगी।

विशेष पुलिस महानिदेशक संजय राणा ने प्रशिक्षु अधिकारियों से कहा कि सीखने की प्रवृत्ति सदैव जागृत रखें। मन में यह बात कभी नहीं आना चाहिए कि हम सर्व ज्ञाता हैं। उन्होंने कहा इंटरनेट ने दुनिया को नजदीक ला दिया है। दुनिया में अब एक्यूज ऑरियेंटेड पुलिसिंग के स्थान पर विक्टिम ऑरियेंटेड पुलिसिंग हो रही है। हमें भी इसी तरह की मॉर्डन पुलिसिंग अपनाने की जरूरत है। इन्हीं सब बातों को ध्यान में रखकर यह प्रशिक्षण कार्यक्रम बनाया गया है।

### हवा होने लगी सर्द, धीरे-धीरे गिरेगा तापमान

भोपाल, (निप्र)। मप्र में मौसम बदलने के बाद अब प्रदेश में सर्द हवाओं से ठंड का रास्ता साफ हो गया। बारिश के बाद अब सुबह-शाम हल्की सर्द हवाओं से ठंड पड़ने लगी है। मौसम विभाग ने मानसून में परिवर्तन के संकेत दे दिये हैं। मौसम विभाग द्वारा जारी बुलेटिन के अनुसार मौसम अब पूरी तरह सामान्य हो चुका है। अब मौसम साफ रहेगा। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक इस बार सर्द हवाओं के चलने से 15 दिन बाद ठंड और कोहरा दौर शुरू हो जाएगा। पिछले कुछ दिनों से मौसम का मिजाज अजीबो-गरीब बना है। दिन में तेज धूप की वजह से गर्मी और रात में गुलाबी ठंड का एहसास होने से अब ठंड की शुरूआत हो गई है। रात का तापमान 20 डिग्री तक पहुंच गया है। तापमान में उतार-चढ़ाव से लोगों की सेहत बिगड़ रही। जिससे ज्यादातर लोगों जुकाम, बुखार, सर्दी व खांसी की चपेट में है। वहीं सुबह और शाम के समय गुलाबी ठंड शुरू होने से इस बार सर्दी कितनी पड़ेगी ये कह पाना मुश्किल है।

# गांधीजी के संदर्भ में व्यक्त भावनाओं की सराहना



विदिशा, (निप्र)। गांधीजी के दिखाए हुए मार्ग पर चल कर ही इस मानव सभ्यता को बचाया जा सकता है। महात्मा गांधी के संबंध में उक्त उद्गार गांधी सार्ध जन्मशती समारोह के आयोजन मेंए सेवाग्राम वर्धा से पधारे गांधीवादी विचारक भरत मोहोडे ने अपने गंभीर उद्बोधन में व्यक्त किए।

गांधीजी की १५० वीं जन्मजयंती के संदर्भ में गांधी सुमिरन मंच के सहयोग से आयोजित चित्रकारी, क्विज एवं भाषण प्रतियोगिता में शामिल प्रतियोगियों के अलावा नगर के अनेक प्रबुद्धजनों की उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सुखदेव लड्ढा ने गांधीजी के संदर्भ में विद्यार्थियों द्वारा व्यक्त की गई भावनाओं की सराहना की। पुरस्कार वितरण में सार्वकालिक गांधी विषय आयोजित भाषण प्रतियोगिता में वंशिका जैन प्रथम, नेहा चतुवेर्दी द्वितीय तथा आदित्या जायसवाल को तृतीय पुरररस्कार से सम्मानित किया गया। सांत्वना पुरस्कार यतेंद्र बड़ोनिया एवं नेहा विश्वकर्मा संयुक्त रूप से दिया गया। श्रद्धा उपरीत एवं ज्योति सिरभैया का सम्मान किया गया। छात्रों के लिए आयोजित क्विज प्रतियोगिता में बासोदा के तनिष्क अग्रवाल प्रथमय द्वितीय स्थान पर सलोनी विश्वकर्मा, वृद्धि राजपूत तथा अंशिका जैन पुरस्कृत हुए । तृतीय पुरस्कार दीप्ति प्रजापति ;नवांकुर बासोदा , वैशाली शुक्ला, श्रुति तोमर तथा कृष्ण रघुवंशी को संयुक्त रूप से मिला।

### तालाब में कूदकर युवक ने की आत्महत्या

भोपाल, (निप्र)। भोपाल में आत्महत्या के मामले एक फिर सामने आने लगे हैं। पिछले एक माह में अब तक भोपाल के सुसाइड प्वाइंट यानी बड़े तालाब के पास आत्महत्या करने की तीन घटनाएं आई। सोमवार की दोपहर करीब 1 बजे वीआईपी रोड स्थित राजाभोज की प्रतिमा के पास एक बार फिर गश्ती दल न होने पर मौका मिलते ही एक युवक ने सुसाइड करने के लिये तालाब में छलांग लगा दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची गोताखोर की टीम युवक की तालाश में जुटी है। पुलिस आत्महत्या मामले में आसपास के लोगों से पुछताछ कर रही। शहर के बड़े तालाब के पास सुसाइड करने का यह पहला मामला नहीं है। इसके पहले भी आए दिन हो रहे सुसाइड को लेकर इस क्षेत्र को सुसाइड प्वाइंट क्षेत्र घोषित किया गया है। यहां पुलिस और गोताखोर की टीम 24 घंटे गश्त लगाती रहती है।

# पीएम आवास के बांटे प्रमाण पत्र



विदिशा, (निप्र)। आपकी नगर पालिका आपके द्वार एवं अंगीकार अभियान के तहत नगर पालिका द्वारा लगाए गए शिविर में विधायक शशांक भार्गव, नपाध्यक्ष मुकेश टंडन ने हितग्राहियों को पीएम आवास योजना के प्रमाण पत्र वितरित किए। शिविर में योजनाओं का लाभ दिलाया गया तो बिजली बिल कम करने, प्राकृतिक आपदा से राहत प्रदान करने संबंधी आवेदन प्राप्त हुए।

### कीटनाशक दवा पीने से युवक की हालत गंभीर

लश्करपुर में एक युवक ने कीटनाशक दवा पी ली जिससे उसकी हालत नाजुक होने पर प्राथमिक उपचार के बाद भोपाल रेफर कर दिया गया। लश्करपुर निवासी 26 वर्षीय शंकर पुत्र बालमुकुन्द मालवीय ने आज सुबह कीटनाशक दवा ली जिससे उसकी हालत नाजुक हो गई। प्राथमिक उपचार के बाद भोपाल रेफर किया गया।

### शिवसेना ने सौंपा ज्ञापन

शिवसेना के जिला प्रभारी राहुल जोशी के नेतृत्व में कलेक्टर को सौंपि ज्ञापन में अंग्रेजी एवं देशी मदिरा दुकानों को नगर की सीमा रेखा से बाहर कराने की मांग की है।

### बीएलओ कार्य से मुक्त करने के लिए सौंपा ज्ञापन

विदिशा, (निप्र)। मप्र पंचायत सचिव संगठन के जिलाध्यक्ष रणधीर सिंह रघुवंशी के नेतृत्व में सौंपि ज्ञापन में पंचायत सचिवों को बीएलओ कार्य से मुक्त रखने की मांग की हैं। मप्र पंचायत सचिव संगठन के जिलाध्यक्ष रणधीरसिंह रघुवंशी के नेतृत्व में सचिवों ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत को सौंपि ज्ञापन में बताया कि ग्राम पंचायतों में कार्यों की अधिकता होने के कारण ग्राम पंचायत सचिवों को बीएलओ कार्य से मुक्त रखा जाए क्योंकि अभी ग्राम पंचायतों के चुनाव नजदीक है। ग्राम पंचायतों में सचिवों पर राजनैतिक दबाब रहते है।

### राष्ट्र सेविका समिति का निकला पथ संचलन

विदिशा, (निप्र)। राष्ट्र सेविका समिति विदिशा विभाग द्वारा पथ संचलन का आयोजन किया गया। लखन सिंह जाट ने बताया कि संचालन में गंज बासौदा सिरोंज लटेरी, कुरवाई की राष्ट सेविका समिति के बहिने समल्लित हुई जिसमें विदिशा नगर के मुख्य मार्गों बंदा बैरागी मार्ग जय स्तम्भ चौक धर्माधिकारी चौक कार्तिक चौक ब्रिज करपात्री चौक बल गंगाधर तिलक चौक सबरकर पथ माधव गंज जय प्रकाश मंच से वीर हकीकत राय मार्ग होते हुए सरस्वती शिशु मंदिर में समापन हुआ। पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

**GORANI INDUSTRIES LIMITED**
**Regd.Office:** Plot No.32-33, Sector-F, Sanwer Road, Industrial Area, Indore - 452 015 (M.P.) India
Phone: 0731-2723201-3
Fax No.: 0731-2723200
email: gorani.industries@yahoo.com
Website: www.goraniindustries.com
CIN: L28121MP1995PLC009170
GSTIN: 23AAACG6274B1Z2

**NOTICE**

NOTICE is hereby given in pursuance to Regulation 29 and 47 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations,2015, that the meeting of the Board of Directors of the Company Gorani Industries Limited will be held on Friday, 08th November,2019, to consider, inter alia, the Unaudited. Quarterly Financial Results of the Company for the quarter ended and Half Year ended on 30th September, 2019. A copy of the said notice and unaudited Quarterly financial results shall also be available on Company's website at www.goraniindustries.com and also on Stock exchange's website at www.bseindia.som.

For Gorani Industries Limited
Anil Gorani
(Holding DIN: 00055540)
(Whole-Time Director)

Place: Indore
Date: 14.10.2019

### अफ्रीकी देशों ने भी संविधान बनाने में ली बाबा साहेब अम्बेडकर की मदद

भोपाल ,(निप्र)। मुख्यमंत्री कमल नाथ ने कहा है कि बाबा साहेब अंबेडकर ने भारतीय संविधान का निर्माण तो किया ही, साथ ही कई अफ्रीकी देशों को उनका संविधान बनाने में मदद भी की। यही कारण है कि अफ्रीकी देशों ने बाबा साहेब की समानता आधारित समाज की सोच को अपनाया है। कमल नाथ छिंदवाड़ा में 63वें धम्म चक्र प्रवर्तन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री कमल नाथ ने कहा कि हर धर्म का एक संदेश होता है। उन्होंने कहा कि बौद्ध धर्म के संदेश की आज सिर्फ भारत ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण विश्व को आवश्यकता है।

**संशोधित**

**न्यायालय तहसीलदार, तहसील भिचौलीहप्सी इन्दौर**

प्रशासनिक संकुल कक्ष क्रमांक-जी-9

क्रमांक/650/रीडर/19
इंदौर, दिनांक 17-9-19
प्र.क्रं. 39/अ-27/2019-20

**उदघोषणा**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मांगीलाल पिता बलवंत जाति खाती, घनश्याम पिता बलवंत जाति खाती, शांताबाई पिता बलवंज जाति खाती निवासी ग्राम अम्बामोलिया मप्र द्वारा मप्र भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 178 के अन्तर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर ग्राम-मालीखेडी स्थित भूमि सर्वे क्रमांक 164/5, 165 रकबा क्रमशः 0.494, 0.955 हेक्टेयर भूमि के बंटवारे बाबद आवेदन पत्र प्रस्तुत किया।

अतः इस बंटवारे के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति हो वह दिनांक 21/10/19 तक अपनी आपत्ति स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से तहसील न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। अवधि समाप्त होने के उपरांत प्राप्त आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 17-9-19 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी
मो. नं. 9926630818

तहसीलदार तहसील भिचौलीहप्सी, इंदौर

**खेतान केमिकल्स एण्ड फर्टिलाइजर्स लिमिटेड**
सी.आई.एन.: L24219MP1982PLC004937
पंजीकृत कार्यालय : ए.बी. रोड, ग्राम निमरानी, तहसील कसरावद, जिला खरगोन (म.प्र.) फोन : 0731-4237926, फैक्स : 0731-4753655
ई-मेल : khaitanchemfert@gmail.com, वेबसाइट : www.khaitanchemfert.com

**सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि सेबी (सूचीयन दायित्व और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 29 एवं 47 के अनुपालन हेतु, संचालक मंडल की केलेंडर वर्ष, 2019 की चौथी सभा, मंगलवार, दिनांक 5 नवंबर, 2019 को प्रस्तावित है, जिसमें सितंबर 30, 2019, को समाप्त तिमाही के अन-अंकेक्षित वित्तीय परिणाम अनुमोदित किए जायेंगे। यह सूचना कंपनी की वेबसाइट http//www.khaitanchemfert.com तथा बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाईट http//www.bseindia.com पर भी उपलब्ध है।

बोर्ड के आदेश द्वारा
वास्ते खेतान केमिकल्स एण्ड फर्टिलाइजर्स लिमिटेड
हस्ताक्षरित
कमलेश जोशी
(कम्पनी सचिव एवं महाप्रबंधक)

स्थान : इन्दौर
दिनांक : अक्टूबर 14, 2019

VIGILANCE

AN AUTONOMOUS INSTITUTION
**TAGORE SHIKSHA MAHAVIDYALAYA**
AFFILIATED TO DAVV, INDORE AND RECOG. BY DEPARTMENT OF HIGHER EDUCATION BHOPAL
**REQUIRED** | INVITED APPLICATIONS FOR THE FOLLOWING POSTS
**PROFESSORS / ASSISTANT & ASSOCIATES PROFESSORS**
For Chemistry, Physics, Law, Art, Computer Science, Commerce, Management, English, Hindi, Fashion Designing, M.A. (Yoga), B.A. Education, M.S.W., Mathematics, English, B.A.L.L.B. (5 yrs.), M.Lib.IT., Political Science, Social Science, Multi Media (Audio-visual)
**REGISTRAR • ADMINISTRATOR • EXAM CONTROLLER**
**LIBRARIAN • COMPUTER OPERATOR (DTP)**
Note : Qualifications as per UGC and State Goverment norms for selection of faculty under college code 28. Apply within 7 days
Arihant Nagar, Behind Gommatgiri Jain Mandir, Jambudi Hapsi Road, Indore
email : tagoreshikshamahavidyalaya@gmail.com 07312882800

**कार्यालय नगर पालिका परिषद सेंधवा जिला बडवानी (म.प्र.)**

E-mail:cmosendhwa@mpurban.gov.in

क्रमांक/4043/2019
सेंधवा दिनांक 14-10-19

**अधिसूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है नगर परिषद सेंधवा के समस्त 15 वार्डों में घर घर से कचरा संग्रहण किया जा रहा है। नगर के सभी नागरिकों से अनुरोध है कि अपने घरों, दुकानों एवं प्रतिष्ठानों में कचरे का पृथक्कीकरण कर गीले कचरे को हरे डस्टबीन में व सूखे कचरे को नीले डस्टबीन में एकत्र कर कचरा कचरा वाहन में अलग-अलग ही डाले तथा खतरनाक अपषिष्ठ (सेनेटरी पैड, दवाईयां आदि) कचरा वाहन में लगे थर्ड बॉक्स में ही डालें। घरों दुकानों एवं प्रतिष्ठानों से निकलने वाले कचरे व निर्माण कार्य से निकलने वाले मलबे को सड़क पर जलाने पर, जल संरचनाओं, तालाबों, नाली, नालों, मार्गों, खाली प्लाट आदि स्थानों पर ना डाले, तथा पॉलिथीन की थैलियों का उपयोग, क्रय, विक्रय या भंडारण करते पाये जाने पर संबंधित विरुद्ध अर्थदण्ड अधिरोपित किया जावेगा जो निम्नानुसार है-

| क्र. | कार्यवाही विवरण | जुर्माना राशि |
|---|---|---|
| 1 | निर्माण कार्य एवं विधवंष कार्य से निकलने वाले मलबे को सड़क पर डालने पर | 500/- |
| 2 | निकाय स्थित नाला, नाली, कुएं, तालाब एवं अन्य जल स्त्रोत में कचरा डालने पर | 100/- |
| 3 | डोर टू डोर कचरा कलेक्शन में गीले एवं सूखे कचरे को पृथक-पृथक नहीं देने पर | 10/- |
| 4 | नगर में पॉलिथीन या प्लास्टिक की थैलियों का क्रय/विक्रय एवं भंडारण करते पाया जाता है तो उस पर | 500/: |
| 5 | आवारा पशु मार्ग पर घुमते पाये जाने पर प्रति पशु | 200/- |
| 6 | थोक कचरा उत्पादकों (50 किलो से अधिक) द्वारा कचरा निष्पादन स्वयं नहीं करने पर, प्रतिदिन। | 500/- |
| 7 | थोक कचरा उत्पादकों (50 किलो से अधिक) द्वारा कचरा निष्पादन स्वयं नहीं करने व कचरा वाहन में डालने पर प्रतिकिलो। | 05/- |
| 8 | सार्वजनिक स्थलों व मुख्य मार्ग पर 5 दिन से अधिक वाहन खडे करने, कबाड रखने, अतिक्रमण करने गंदगी फैलाने आदि पर। | 200/- |
| 9 | प्लास्टिक की थैली का उपयोग, भंडारण व उपयोग करते पाया जाने पर | 100/- |
| 10 | सार्वजनिक स्थलों पर शौच व पेशाब करने पर | 100/- |
| 11 | शौचालय का गंदा पानी/मलबा खुले में छोड़ने पर | 500/- |
| 12 | सार्वजनिक स्थलों, मार्गो पर थूकने व गंदगी फैलाने पर | 50/- |
| क्र. | कार्यवाही विवरण | उपयोग शुल्क |
| 1 | डोर टू डोर कचरा एकत्रीकरण, संग्रहण एवं परिवहन हेतु (रहवासी क्षेत्र) | 20/- प्रतिमाह |
| 2 | डोर टू डोर कचरा एकत्रीकरण, संग्रहण एवं परिवहन हेतु (व्यवसायीक क्षेत्र) | 30/- प्रतिमाह |

नोट-1. सूखा एवं गीला कचरा अलग अलग डस्टबीन में ही रखें।
2. स्टार रेटिंग के अन्तर्गत कचरा मुक्त शहर बनाने में सहयोग प्रदान करे।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद सेंधवा